. **<u>एस0एल0डब्ल्यू0एम0: –</u>**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 की शुरूआत वर्ष 2021 से हुई जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों में ओ0डी0एफ0 के स्थायित्व एवं दृश्यमान स्वच्छता हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सोक – पिट, लीच पिट, फिल्टर चौम्बर, सिल्ट चौम्बर आदि का निर्माण तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एवं आर0आर0सी0, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, कचरा पात्र, कचरा वाहन आदि का निर्माण ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निर्माण किया जाना है, जिससे ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाया जा सके। उपरोक्त कार्य के सम्पादन हेतु शासन स्तर से 5000 से अधिक आबादी के ग्रामों में ठोस कचरा प्रबंधन हेतु मु0–45.00 एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु मु0 – 660. 00 रू0 प्रति व्यक्ति की दर से तथा 5000 से कम की आबादी में ठोस कचरा प्रबंधन हेतु मु0–60.00 एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु मु0–280.00 रू0 प्रति व्यक्ति की दर से निर्धारित है। जनपद महोबा में 273 के सापेक्ष शत–प्रतिशत ग्राम पंचायतों का चयन करते हुए कार्ययोजना शासन स्तर पर प्रेषित की जा चुकी है जिसके सापेक्ष समस्त ग्राम पंचायतों को कार्ययोजना के सापेक्ष धनराशि आवंटित करते हुए कार्य पूर्ण कराया जा रहा है।